हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 27 जून 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



GRAND LAUNCHING

MEGA EVENT

27, 28, 29 JUNE 2025

CGRERA
PCGRERA200225001882

Param valley

DISCOVER A WORLD WHERE
POWER AND ELEGANCE
TRANSFORMEACHMOMENT
INTO A CELEBRATION




**Site Address :** Bijour Near By Brilliant Public School Bilaspur Chhattisgarh 495001
















## Residential Plots with all Premium Amenities.

### KEY FEATURES

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SECL Head Quaters 4 KM | Apollo Hospital 3.2 KM | Amusement Park 1 KM | Railway Station 7 KM | Schools 1 KM | Sports Complex 1.5 KM |
| Market area 500 Meeters | College 1.5 KM | Perrol pump 1 KM | RTO Bsp 3.5 KM | Marriage Garden 1.5 KM | Banks 1 KM |

### AMENITIES

- Grand entrance
- Kids play garden
- Mandir
- Gazebo sitting
- Badminton court
- Basketball court
- Open gym area
- Gathering lawn
- Landscaped area
- 40' wide cc road
- CC TV Secured Campus
- Covered drainage
- Street light
- Separate transformer

PROJECT BY
PARAM GROUP

ARCHITECT & TOWN PLANNING
SUMIT AGRAWAL

CONTACT FOR BOOKING : 9098757543

Email : paramgroupofficial@gmail.com Website : www.paramgroups.co.in

#MGR

## खबर संक्षेप

### बच्चों को तिलक लगाकर कराया गया शाला प्रवेश



**अंबिकापुर।** मायापुर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल में बच्चों का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेश कराया गया। इसके साथ ही गणवेश और किताबों का वितरण किया गया। बता दें कि शासकीय प्राथमिक शाला मायापुर में 25 जून को शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद बाबर इदरीसी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रथाम पाठक श्रीमती अलका अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के दौरान अतिथि व प्रधान पाठक ने नव प्रवेशित बच्चों को तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर उनका स्वागत किया गया और गणवेश व पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। समारोह के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुती दी। इस दौरान बिलाल अंसारी, वंदना गुप्ता, नीलू सिंह, सोनम दुबे, वार्डवासी और अभिभावक मौजूद थे।

### लटोरी सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी, घंटों सप्लाई बाधित

**बिश्रामपुर।** विद्युत सब स्टेशन लटोरी के मेन ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी से आने कई घंटे विद्युत आपूर्ति आधा दर्जन से अधिक गांवों में बाधित हो गई ।विभाग द्वारा आनन फानन में दूसरे पावर सप्लाई से कनेक्ट करके विद्युत आपूर्ति को बहाल कराकर ट्रांसफार्मर का मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। गौरतलब है कि लटोरी सब स्टेशन में स्थित 3.15 केवी के स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर में बुधवार को तड़के करीब चार बजे अचानक आई तकनीकी खराबी की वजह से विद्युत आपूर्ति घंटों बाधित हो गई।विभागीय अधिकारियों द्वारा तत्काल आनन फानन में दूसरे पावर सप्लाई से कनेक्ट करने उपरांत विद्युत आपूर्ति आधा दर्जन गांवों में बहाल करा दी गई है और खराब मेन ट्रांसफार्मर के बदलने की प्रक्रिया देर रात तक चलती रही। मरम्मत कार्य पूर्ण होने उपरांत विभागीय अधिकारियों व ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

### जिला न्यायालय में साथी अभियान को लेकर बैठक

**सूरजपुर।** जिला न्यायालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में साथी अभियान को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जिले में बेसहारा बच्चों की पहचान कर उनका आधार नामांकन, स्कूल नामांकन, कानूनी सहायता और सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। इस अभियान की रूपरेखा और आगे की कार्य योजना पर चर्चा के लिए जिला स्तर की साथी इकाई समिति की बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती विनीता वार्नर के निर्देश पर आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों और समिति सदस्यों ने विचार साझा किए। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल ने साथी अभियान के उद्देश्यों और क्रियान्वयन के तरीके की जानकारी दी। उन्होंने सभी विभागों से इस अभियान में सक्रिय सहयोग करने की बात कही।

### जल संरक्षण के लिए कराया गया पिट का निर्माण



**लखनपुर।** मोर गांव मोर पानी महा अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कराए जा रहे विभिन्न रिचार्ज पिट का अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों ने इस पिट के माध्यम से भू-जल स्तर में सुधार होने की बात कही। बता दें कि शासन के निर्देश पर जनपद पंचायत के सभी 74 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए विभिन्न प्रकार की संरचना का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही पीएम आवास निर्माण के दौरान हितग्राहियों द्वारा भी वर्षा जल के संरक्षण हेतु रिचार्ज पिट का निर्माण कराया जा रहा है। बुधवार को इन रिचार्ज पिट का जनपद सीईओ वेद प्रकाश पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिंज, एसडीओ आरईएस प्रवीण खलखो, सहित अन्य ने निरीक्षण किया।

### पूर्व सैनिक की हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास

रामानुजगंज। बसंतपुर थाना क्षेत्र में 3 नवंबर 2024 को हुई पूर्व सैनिक की हत्या के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार प्रजापति ने सोमवार को सुनवाई के बाद दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अदालत में पेश हुए साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि हत्या एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत की गई थी। मामला प्रथम अपर सत्र न्यायालय में विचाराधीन था।

---

### रैली निकाल एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# सहकारी समिति से खाद नहीं मिलने पर आक्रोशित किसानों ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

खाद के लिए पिछले एक पखवाड़े से लगातार घंटों लाइन में खड़े होने वाले किसानों को बुधवार को भी खाद नहीं मिला तो आक्रोशित किसान समिति के समक्ष जमीन पर बैठकर धरना-प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान किसानों ने प्रशासन पर लापरवाही बरतने एवं उन्हें अनदेखा करने का आरोप लगाया। किसानों ने रैली निकाल एसडीएम को ज्ञापन सौंपा तथा दो-तीन दिन के भीतर पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं होने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी।

- 2-3 दिन में खाद उपलब्ध नहीं होने पर दी चक्का जाम करने की चेतावनी

सरगुजा की समितियों में रासायनिक उर्वरकों की कमी विकराल बनते जा रही है। समितियों में खाद की आपूर्ति नहीं होने के कारण खरीफ खेती पिछड़ रही है। एक महीने पूर्व समिति में एक ट्रक खाद की आपूर्ति की गई थी वहीं पिछले साल शेष बचे खाद को दो-दो बोरी के हिसाब से कुछ किसानों को वितरित किया गया। एक पखवाड़े से समिति में खाद नहीं है। इधर जरूरतमंद किसान सुबह होते ही खाद के लिए लाइन में खड़े हो जा रहे हैं। समिति खुलने पर किसानों को खाद नहीं पहुंचने की सूचना मिलती है तो किसान घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद बैरंग वापस लौट जा रहे थे। रोज की तरह बुधवार को भी सैकड़ों किसान समिति के समक्ष लाइन में खड़े थे। समिति खोलने के बाद प्रबंधक ने किसानों को खाद नहीं पहुंचने की सूचना दी तो किसान भड़क उठे। आक्रोशित किसान नारेबाजी करते हुए समिति के समक्ष धरना पर बैठ गए। आक्रोशित किसानों ने कहा कि खरीफ की खेती पिछड़ रही है। धान की नर्सरी खराब हो रही है। समय पर खाद नहीं मिला तो सारी तैयारियां मिट्टी में मिल जाएगी। धान विक्रय के समय समिति में पटवारी से लेकर एसडीएम तक उनके धान की जांच करने पहुंचते हैं। समिति में पिछले एक पखवाड़े से खाद नहीं है तथा प्रशासन मूक दर्शक बनकर उन्हें ब्लैक में खाद खरीदने के लिए मजबूर कर रहा है। बाजार में पर्याप्त खाद उपलब्ध है जबकि समितियों में खाद नहीं आ रहा है। मजबूर होकर किसान बाजार से 3 सौ रुपए बोरी अधिक कीमत देकर खाद खरीद रहे है। दो-तीन दिन के भीतर जरूरत के अनुरूप खाद नहीं मिला तो किसान चक्का जाम करने मजबूर होंगे। समिति प्रबंधक ने बताया कि आवश्यकता को देखते हुए एक महीने पूर्व ही विपणन संघ को मांग पत्र एवं चेक भेज दिया गया है लेकिन अभी तक खाद की आपूर्ति नहीं की गई है। दोपहर 12 बजे से ढाई बजे तक धरना-प्रदर्शन करने के उपरांत किसान रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंप तत्काल आवश्यकता के अनुरूप खाद उपलब्ध कराने की मांग की एवं 2-3 दिन में खाद उपलब्ध नहीं होने पर चक्का जाम करने की चेतावनी दी। एसडीएम ने किसानों को खाद के लिए हर संभव पहल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान गंगा प्रसाद, सूरज यादव, लीलाधर यादव, पवन साय, देव प्रताप सिंह, अभय तिवारी, सुभाष यादव, राधेश्याम यादव, लीलाधर, फरीद खान सहित बड़ी संख्या में विभिन्न गांवों के किसान उपस्थित थे।



रैली निकाल कर एसडीएम कार्यालय जाते ग्रामीण।

#### क्षेत्र की 6 समितियां खाली

किसानों ने बताया कि शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए क्षेत्र में पांच समितियों धौरपुर, डूमरडीह, सहनपुर, ससौली, बटवाही एवं बरगीडीह का गठन किया गया है लेकिन कहीं भी खाद उपलब्ध नहीं है। खाद के लिए किसान हर दिन समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। समिति प्रबंधक हर दिन खाद पहुंचने का आश्वासन देकर अगले दिन बुलाते है। ऐन खेती के समय किसान अपना काम छोड़कर समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। जिन किसानों को 2-3 बोरी खाद दिया गया है वे भी खाद के लिए परेशान है। क्षेत्र के मात्र 300 किसानों को 2-3 बोरी खाद मिला है जबकि सैकड़ों किसान एक महीने से खाद पहुंचने का इंतजार कर रहे है।

#### दुकानदार वसूल रहे 3 सौ रूपए अधिक

किसानों ने बताया बाजार की दुकानों में डीएपी, इफ्को, यूरिया सहित अन्य सभी उर्वरक उपलब्ध है। समिति में खाद उपलब्ध होने पर दुकानों में कम कीमत में खाद मिलता है। वहीं समिति में खाद उपलब्ध नहीं होने पर दुकानदार डीएपी एवं इफ्को की कीमत 2 से 3 सौ रूपए अधिक वसूल रहे हैं। धान की रोपाई के दौरान डीएपी एवं इफ्को की अधिक जरूरत पड़ती है इसलिए किसान ब्लैक में खाद खरीदने मजबूर हैं।

---

### *ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान*

**अम्बिकापुर।** कुसमी थाना अंतर्गत ग्राम रेहड़ा निवासी सूरज कुमार आ. ज्योतिष (20 वर्ष) गत दिन शाम 7.30 बजे काम कर घर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम सेमरा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीएम 5841 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगते ही परिजन घायल को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत रायपुर रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

---



## पर्यावरण संरक्षण के लिए वन विभाग ने की जिला स्तरीय अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

पर्यावरण संरक्षण और पेड़ लगाने के लिए लोगों को प्रेरित करने के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा जिला स्तरीय किसान-वृक्ष मित्र योजना की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत नगर के गेउर हरीतिमा में वन विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डीएफओ आलोक वाजपेयी ने की।

- विधायक, डीएफओ ने लोगों को पौधरोपण के लिए किया जागरूक

कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीमती पैकरा ने कहा कि शासन की योजनाओं के तहत लोगों को पेड़ लगाने के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से किस वृक्ष मित्र योजना के तहत लोगों को पौधा निःशुल्क वितरण किया जाएगा। जिनके पास भी खाली जमीन हो चाहे वह किसान हो या अन्य व्यक्ति पौधारोपण जरूर करें। किसान भाई अपने खेत के मेड़ में भी पेड़ लगाए और उसकी सुरक्षा करें। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने की कई फायदे हैं पेड़ से हमें ऑक्सीजन तो मिलता ही है इसके अलावा पर्यावरण संतुलित रहता है तथा अनेकों वन संपदा भी मिलती है जिससे लोगों के आय का जरिया भी बनता है। पेड़ लगाने की जिम्मेदारी केवल वन विभाग को ही नहीं बल्कि हम सबको होनी चाहिए। भाजपा जिला महामंत्री संजय सिंह ने कहा कि वन विभाग के बदौलत जंगल सुरक्षित है। जंगलों की अवैध कटाई पर वन विभाग की कड़ी नजर रहती है। लोग वन भूमि पर पट्टे के लिए जंगलों की अवैध कटाई करते हैं जो ठीक नहीं है। डीएफओ आलोक बाजपाई ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के तहत किसान वृक्ष मित्र योजना का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस योजना का यह तीसरा वर्ष है। इस योजना के अंतर्गत जितने भी निजी भूमि हो या किसानों की भूमि हो शासकीय संस्थाओं की भूमि हो स्वायत्त संस्थाओं की भूमि हो या फिर किसी के पास लीज की भी भूमि हो तो वह इस योजना के तहत लाभ ले सकता है। इस योजना के तहत 5 एकड़ तक के भूमि में शासन का 100 प्रतिशत अनुदान है। जिसमें प्रथम वर्ष में पौधा निःशुल्क दिया जाएगा तथा उसके देखरेख के लिए अनुदान है। उसके बाद द्वितीय एवं तिथि वर्ष के लिए जीवित पौधा के हिसाब से 7 रूपए प्रति पौधा के हिसाब से अनुदान दिया जाएगा। इसमें मुख्यतः इमारती प्रजातियां हैं, टिश्यू कल्चर नेचर की प्रजातियां हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत अनुबंध की भी व्यवस्था है जिसमें किसान और प्राइवेट कंपनी के बीच अनुबंध होगा और एक तय बाजार मूल्य के तहत विक्रय कर सकते हैं जिसमें शासन उनका सहयोग करेगा।

---

# आज कोयलांचल में धूमधाम से निकाली जाएगी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 27 जून शुक्रवार को शहर में धूमधाम से महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली जाएगी।सूरजपुर जिले का एकमात्र रथ यात्रा का आयोजन गत 9 वर्षों से लगातार संचालित है। गौरतलब है कि द्वितीय शुक्ल पक्ष के पावन अवसर पर आगामी 27 जून शुक्रवार को जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से रथ पर सवार होकर महाप्रभु श्री जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ निकलेंगे रथ यात्रा पर जो मंदिर प्रांगण से निकलकर बस स्टैंड होते हुए अंबेडकर चौक एवं अंबेडकर चौक से पुनः वापस लौटकर बस स्टैंड होते हुए आरटीआई कॉलोनी स्थित अपने मौसी के घर सरस्वती मंदिर तक जाएंगे, जहां वे नौ दिनों तक अपने भाई एवं बहन के साथ मौसी के घर पर विश्राम करेंगे। तत्पश्चात दसवें दिवस आगामी 5 जुलाई को पुनः रथ पर सवार होकर आरटीआई कॉलोनी स्थित मौसी घर सरस्वती मंदिर से निकलकर शहर भ्रमण करते हुए वापस मंदिर प्रांगण में प्रवेश करेंगे, जहां वे तीन दिनों तक रथ पर ही विराजमान रहेंगे तथा 8 जुलाई को मंदिर में विराजमान होंगे।लोगों की आस्था इतनी प्रबल की सैकड़ो की संख्या में लोग रथ खींचने रथ यात्रा में शामिल होते हैं न केवल विश्रामपुर शहर बल्कि आसपास क्षेत्र सूरजपुर, भटगांव, प्रेमनगर, श्रीनगर, भैयाथान, सिलफिली आदि क्षेत्रों से भी भक्तों का आगमन होता है, जो प्रभु को उनके मौसी के घर पहुंचाने के लिए लालायित होकर रथ की रस्सी को खींचते हैं। प्रत्येक वर्ष रथ यात्रा पारंपरिक वाद्य यंत्रों एवं विभिन्न कार्यक्रमों के साथ रथ यात्रा निकलता है।इस वर्ष भी करीब 2 बजे से विधि विधान पूर्वक अनुष्ठान संपन्न कर, राज परिवार के सदस्य एवं समाज के दव्य वरिष्ठ जो राजा के रूप में झाड़ू प्रथा को संपन्न करेंगे तत्पश्चात मंदिर प्रांगण से रथ निकलेगा।रथ यात्रा पूजन एवं अनुष्ठान मंदिर के मुख्य पुजारी सुशांत मिश्र द्वारा संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के संरक्षक अशोक स्वाई, अध्यक्ष विशाल स्वाई, कोषाध्यक्ष अलंकार नायक, सचिव प्रभाकर स्वाई, वरिष्ठ सदस्य गोविंद स्वाई सुदर्शन सेठी सुरेशन स्वाई, सीतीकांत स्वाई, सहित सेनापति प्रधान,एल सी त्रिपाठी, अक्षय साहू, प्रदीप त्रिपाठी, राजेंद्र प्रधान, सूरज सेठी,विद्याधर साहू, त्रिनाथ देहुरी, प्रफुल नायक श्रीकांत स्वाइ वहीं महिला मंडल से अध्यक्ष दीप्ति स्वाई, कोषाध्य गीता स्वाई, सचिव अनुराधा प्रधान, लीलावती स्वाई, आदि लोग लगे हुए हैं ।



#### आज होगा नेत्र उत्सव नवयोवन दर्शन

गौरतलब है कि परंपरा अनुसार महाप्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा से 15 दिन पूर्व बीमार पड़ जाते हैं, जो उनकी एक विशेष लीला एवं परंपरा से जुड़ा हुआ है।जिसे अनवसर कहा जाता है। इसमें महाप्रभु जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को रथ यात्रा से 15 दिवस पूर्व मंदिर प्रांगण से बाहर निकाल कर स्नान मंडप में लाकर 108 कलश जल से नहलाया जाता है। जिसे स्नान यात्रा के नाम से जाना जाता है, तत्पश्चात महाप्रभु रथ यात्रा में सवार होने से एक दिन पूर्व यानी कि आज अपने भक्तों को दर्शन देंगे, जिसे नेत्र उत्सव के नाम से जाना जाता है। आज का यह नेत्र उत्सव नवयोवन दर्शन संध्या 7 बजे भक्तों के लिए खुलेगा तत्पश्चात कल रथ पर सवार होकर अपने मौसी के घर के लिए रवाना होंगे।

### हाथियों ने तीन घरों में की तोड़फोड़, चट किया अनाज

**अम्बिकापुर।** बीती रात हाथियों ने वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत ग्राम बरडांड में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने तीन घरों को ढहाने के साथ ही घर में रखा अनाज खा गए। मैनपाट के सीमावर्ती कापू जंगल में लम्बे समय से भ्रमण कर रहे हाथियों का दल पिछले एक पखवाड़े से मैनपाट के अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहा है तथा भोजन की तलाश में घरों में तोड़फोड़ मचा रहा है। बीती रात हाथियों का दल शाम ढलते ही ग्राम कंडराजा स्थित ग्रामीणों की कॉलोनी में घुस गया एवं पूरी रात घरों में तोड़फोड़ मचाता रहा। इस दौरान हाथियों ने तीन घरों को ढहा दिया तथा घर में रखा अनाज खा गए। हाथियों ने पिछले साल भी इन घरों को ढहा दिया था। बरसात का मौसम होने के कारण हाथियों की तोड़फोड़ से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हाथियों के कंडराजा की ओर अग्रसर होने की सूचना पर वन अमला पूर्व में ही पहुंच गया था तथा ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाने की सलाह दी थी। कॉलोनी में पक्के मकान होने के कारण ग्रामीणों ने भागकर अपनी जान बचाई। परिक्षेत्राधिकारी श्री चौबे ने बताया कि हाथियों की नियमित निगरानी करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।



---

## बाइक सवार बदमाशों ने गन पॉइंट पर शिक्षिका की लूटी चेन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल के ऑफिसर्स टूए कॉलोनी में मंगलवार की शाम डीएवी स्कूल बिश्रामपुर की शिक्षिका इवनिंग वॉक के दौरान चैन स्नैचिंग की शिकार हो गई।घटना मंगलवार की शाम साढ़े सात पौने आठ बजे के बीच की बताई गई है। घटना में डीएवी स्कुल की शिक्षिका को सड़क पर गिर जाने से चोटें आई हैं जिन्हें केंद्रीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार बाद छुट्टी दे दी गई है।

लूट की शिकार हुई शिक्षिका के पति के. पांडेय की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अज्ञात बाईक सवार बदमाशों पर बीएनएस की धारा 304(2),3(5) के तहत एक राय होकर झपटमारी का अपराध दर्ज किया है। घटना के संबंध में शिक्षिका के पति एसईसीएल टूए कॉलोनी क्वार्टर नंबर 114 में निवासरत रिटायर्ड एसईसीएल अधिकारी के. पांडेय ने बताया कि उनकी पत्नी नीलम पांडेय और वे दोनों रोजाना की तरह कॉलोनी के पास ही वॉक कर रहे थे,टहलते हुए वे वापस घर के करीब पहुंच ही थे कि इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक अचानक मौके पर पहुंचे और उनकी पत्नी के गले से चैन जबरन खींचने लगे,घटना देख शिक्षिका के पति ने हड़बड़ा कर चीख पुकार की, प्रतिकार का प्रयास भी किया और अपने हाथ में पकड़े हुए छाता से युवक को मारने के लिए प्रयास किया, इतने में एक युवक ने उन पर रिवॉल्वर निकालकर टिका दिया जिससे वे डर गए और पीछे हट गए,इस दौरान तीनों युवक उनकी पत्नी के गले से चैन लुटकर तेजी से बाइक दौड़ाते हुए भाग निकले।श्री पांडेय ने बताया कि चैन लूटने के दौरान उनकी पत्नी मौके पर सड़क पर ही गिर गईं जिन्हें हाथ पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई है।घटना से कॉलोनी में भय और दहशत का माहौल निर्मित हो गया है।श्री पांडेय ने बताया कि वे पिछले बत्तीस वर्षों से इसी क्वार्टर में रह रहे हैं लेकिन ऐसी घटना कॉलोनी में पहली बार हुई है।चैन स्नैचर द्वारा लूटे गए साढ़े तीन तोला वजनी चैन की कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपये के करीब बताई गई है।

#### खास बातें

- पति द्वारा छाता से मारने के प्रयास पर युवक ने पति पर टिकाया रिवॉल्वर
- ऑफिसर्स कॉलोनी में दहशत, घर से बाहर निकलने में घबरा रही महिलाएं

#### पूर्व में हुई चोरी की इन वारदातों का अब तक नहीं हुआ खुलासा

बिश्रामपुर क्षेत्र में हाल की घटनाओं पर गौर करें तो एक के बाद एक हो रही चोरी व लुट की घटना से आमजनों के मन में भय व पुलिस के प्रति अविश्वास की स्थिति निर्मित कर दी है।लगातार चोरी व लूट की घटना से लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर भयभीत हैं कि कब उनके साथ अनहोनी घटना न हो जाए। गौरतलब है कि अभी करीब एक माह पूर्व कुमदा कॉलरी पुराना माइनर्स निवासी एसईसीएल कर्मी भोलानाथ घोष पिता मनोरंजन घोष की बहन चैताली मित्र मजूमदार जो अपने मां के दशकर्म कार्यकर्म में शामिल होने कलकत्ता से कुमदा कॉलरी आई थी, जो गत बीस मई को मंदिर से वापस क्वार्टर जाते समय चैन स्नेचिंग का शिकार हुई थी, इस घटना का आज एक माह बाद कुछ पता नहीं चल सका है।इसी प्रकार गत 21 नवंबर को गायत्री खदान के एमटी राहुल आनंद के सुने घर से अज्ञात चोर टीवी, फ्रिज कुलर सहित डेढ़ लाख का सामान पार कर दिया है,केतकी खदान के ओवर मैन अरुण पांडे के सुने घर से गत 18 मई को डेढ़ लाख मूल्य का सोना चांदी के जेवरात समेत नगदी रकम चुरा ली गई, 31 मई को केशवनगर स्थित स्वास्थ्य कार्यकर्ता शिखा बछाड़ के आवास से पांच लाख से अधिक के सोने चांदी के जेवरात सहित 75 हजार नगद अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है।करीब एक वर्ष पूर्व शासकीय मदिरा दुकान शिवनंदनपुर की कैश बॉक्स में रखे 4 लाख से अधिक रकम सहित दुकान से महंगे शराब की बोतलें अज्ञात बदमाश ले भागे जिनका आज तक सुराग नहीं लग सका है।

---

### *घर में फांसी पर लटका मिला युवक का सड़ा गला शव, हत्या की आशंका*

**प्रतापपुर।** ग्राम रेवटी में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का सड़ा गला शव कमरे में मिला। युवक ने आत्महत्या की या उसकी हत्या कर फांसी का रूप दिया गया इसे लेकर पुलिस ने जांच शुरू दी है। रेवटी निवासी बाबूलाल साहू आ. सोहर साहू (40 वर्ष) का शव गत दिन उसके घर के कमरे में मिला। युवक की पहचान गांव रेवटी का किया गया। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद के कारण युवक की हत्या कर दी गई। ग्रामीणों के मुताबिक घरेलू विवाद पर जमीन को घर वाले ने अपने नाम कर लिया था हालांकि पुलिस इस मामले का जांच कर रही हैं। हत्या है या आत्महत्या है यह स्पष्ट नहीं हो सका है। चौकी रेवती पुलिस शव का पंचनामा कार्रवाई एफएसएल वैज्ञानिक अधिकारी के साथ मिलकर किया गया। शव पंचनामा के दौरान पंचो एवं गवाहों से पूछताछ किया गया जो मृतक के परिवार में विवाद होने से करीब 2-3 साल से परिवार से अलग रहता था और पारिवारिक विवाद के कारण डिप्रेशन में रहता था। ग्रामीणों का कहना है कि हफ्ता भर पहले ही युवक ने फांसी लगा लिया जिसकी पूर्व में भी छानबीन नहीं की जा सकी थी पुलिस द्वारा हर पहलू की जांच की जा रही है।

---

# आपातकाल ने बेटों को माता-पिता की चिता को अग्नि तक नहीं देने दी : मेजर

**अम्बिकापुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि संविधान बचाओ का नारा देने वाली ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसने संविधान को सबसे पहले और सबसे गहराई तक रौंदा था। आपातकाल लोकतंत्र के लिए काला दिवस पर भाजपा ने संगोष्ठी का आयोजन किया। संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में मीसा बंदी रहे स्व.सरदार बाल किशन सिंह, स्व.रेवती रमण मिश्र एवं स्व.विजय पटेल के परिजनों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।




अनिल सिंह मेजर ने कहा कि कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर लोकतंत्र के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात किया लेकिन आज भी वह अपने किए के लिए न तो माफी मांगती है और न ही पछतावा प्रकट करती है। आज संविधान बचाओं का नारा देने वाली कांग्रेस वही पार्टी है जिसने संविधान को सबसे पहले और सबसे गहराई से रौंदा था। उन्होंने कहा कि आपातकाल की घोषणा कोई राष्ट्रीय संकट का नतीजा नहीं थी, बल्कि यह एक डरी हुई प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की रणनीति थी, जिसे न्यायपालिका से मिली चुनौती से बौखलाकर थोपा गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति की आड़ लेकर अनुच्छेद 352 का दुरुपयोग किया, जबकि न उस समय कोई युद्ध की स्थिति थी, न विद्रोह और न ही कोई बाहरी आक्रमण हुआ था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में लोकतंत्र का ऐसा पतन हुआ कि जेलों में बंद लोगों को अपने परिजनों के अंतिम संस्कार में शामिल होने तक की अनुमति नहीं दी गई और इन लोगों में वर्तमान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शामिल थे। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल काले अध्याय में न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं को रौंदा, बल्कि प्रेस की स्वतंत्रता, न्यायपालिका की निष्पक्षता और नागरिकों के मौलिक अधिकारों को कुचलकर यह स्पष्ट कर दिया कि जब-जब उनकी सत्ता संकट में होती है, वे संविधान और देश की आत्मा को ताक पर रखने से पीछे नहीं हटते। राहुल गांधी ने अपनी ही केंद्र सरकार के अध्यादेश को प्रेस कॉन्फ्रेंस में फाड़कर संविधान के प्रति कांग्रेस की इसी अधिनायकवादी सोच का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी ने कहा कि जिस संविधान शपथ लेकर इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनी थी, उसी संविधान की आत्मा को कुचलते हुए उन्होंने लोकतंत्र को एक झटके में तानाशाही में बदल दिया। इस अवसर पर मीसा बंदी परिवार से सोम शेखर मिश्रा, श्रीमती मधु पटेल, हरमिंदर सिंह ने सम्मान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन महामाया मंडल अध्यक्ष मनोज कंसारी ने तथा आभार प्रदर्शन तेजिंदर सिंह बग्गा ने किया। इस मौके पर करता राम गुप्ता, संतोष दास, अभिषेक शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

4 कोरिया में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की मांग





(मनेन्द्रगढ़) प्रवेश प्रारंभ (चिरमिरी)
प्रतिमाह मात्र 999/- में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
पता: प्राचार्य: झांझरिया गोदाम, बदन सिंह मोहल्ला मनेन्द्रगढ़
मो. 8103021184, 9203914561, 9425556340
पता: प्राचार्य: जगन्नाथ मंदिर के पास धरमनगरी (पोड़ी) चिरमिरी
मो. 7489674543, 8435000498, 9203914561


## बाजार से ऊंचे दामों पर खरीदने को मजबूर, दिनभर भटकते हैं किसान

# समितियों में डीएपी खाद की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में डीएपी खाद की भारी कमी देखने को मिल रही है, जिससे किसान खासे परेशान हैं। समितियों में खाद नहीं मिलने के कारण किसान बाजार से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हो रहे हैं।

खेती का सीजन शुरू हो गया है लेकिन अब तक समितियों में पर्याप्त खाद नहीं पहुंच पाने के कारण जिले के किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसानों को खेतों की तैयारी करनी पड़ रही है, वहीं दूसरी ओर खाद के लिए सहकारी समितियों का चक्कर भी काटना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार खाद की किल्लत जिले के बचरा पोड़ी, जिल्दा, बैमा, बंजारीडाड़, तरगवां, सरभोका, गिरजापुर, पटना, धौराटिकरा, जामपारा, सलबा और छिन्दडाड़ समेत अनेक समितियों में देखी जा रही है। किसानों का कहना है कि समितियों में निर्धारित दर पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही, जिससे उन्हें मजबूरी में निजी दुकानों से ऊंची कीमत पर खाद लेना पड़ रहा है। समितियों के प्रबंधकों का कहना है कि समितियों में उपर से ही खाद की आपूर्ति नहीं हुई जैसे ही खाद की आपूर्ति होगी तब तत्काल किसानों को वितरित किया जाएगा। मांग के मुकाबले आपूर्ति कम है, इसलिए थोड़ी परेशानी किसानों को हो रही है और कमी के कारण असंतुलन बना हुआ है। किसानों की मांग है कि प्रशासन इस मामले में शीघ्र पहल करें और खाद की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित कराए।





## कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन



भाजपा की विष्णु देव साय सरकार के शासन में प्रदेश के किसान खाद और बीज के लिए दर-दर भटकने को विवश हैं। समय पर खरीफ फसल की बुआई के लिए आवश्यक रासायनिक खाद और प्रमाणित बीज की भारी किल्लत ने किसानों की कमर तोड़ दी है। इसी गंभीर मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने कृषि उपज मंडी समिति बैकुंठपुर छिन्ददाड़ में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेसियों ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों के प्रति पूरी तरह संवेदनहीन हो चुकी है। प्रदेश में सहकारी समितियों में खाद-बीज का टोटा है और सरकार आंख मूंदे बैठी है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार सिर्फ दिखावे की घोषणाओं में व्यस्त है, जबकि जमीनी हकीकत यह है कि खेत सूने पड़े हैं और किसान संकट में हैं। वक्ताओं ने कहा कि यदि जल्द ही खाद और बीज की पर्याप्त उपलब्धता नहीं कराई गई तो कांग्रेसजन उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। सभी नेताओं ने एक स्वर में कहा कि भाजपा सरकार की यह विफलता छग के अन्नदाता के साथ अन्याय है। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, गणेश राजवाड़े, बिहारी राजवाड़े, विकास श्रीवास्तव, भूपेन्द्र यादव, रामाधार टोप्पो, एजाज गुड्डू, दीपक गुप्ता, गणेश जायसवाल, साहब अख्तर, संजोती मरकाम, ललिता, संतोष गोयन, हीरालाल साहू, रामसाय सोरी, विजय चक्रधारी, राजेश कुर्रे, मुकेश कुर्रे, संजय खलखो, मोहनलाल, शिवराम राजवाड़े सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

## बचरापोड़ी में एटीएम 15 दिनों से खराब

■ किसानों और ग्रामीणों को हो रही परेशानी

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बचरापोड़ी में स्थित सहकारी बैंक का एटीएम पिछले 15 दिनों से खराब पड़ा हुआ है, इससे क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार एटीएम से रूपए निकालने की कोशिश के दौरान कार्ड फंसने की शिकायतें भी सामने आई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एटीएम खराब होने की वजह से उन्हें नगद निकासी के लिए दूर-दराज के बैंकों की शाखाओं का रूख करना पड़ रहा है, जिससे समय और अतिरिक्त खर्च दोनों बढ़ रहे हैं। वहीं किसानों को खरीफ बुवाई के इस समय में नगद की तत्काल आवश्यकता रहती है, ऐसे में यह समस्या और गंभीर हो गई है। स्थानीय लोगों ने सहकारी बैंक प्रबंधन और संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द एटीएम को सुधारकर सुचारु रूप से चालू किया जाए, ताकि किसानों और आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।



सहकारी बैंक का बंद एटीएम ।



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते चेम्बर के पदाधिकारी।

# खराब विद्युत व्यवस्था से व्यावसायिक कार्य ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ चेंबर ऑफ कॉमर्स ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, सुधार की मांग

जिला मुख्यालय में अव्यवस्थित विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को लेकर छग चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज बैकुंठपुर इकाई ने 26 जून को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है। समस्त विषय पर कलेक्टर ने गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए इस संबंध में ठोस कदम उठाने की बात कही है।

चेंबर ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित समस्त नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की लगातार हो रही अनियमित आपूर्ति के कारण आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। साथ ही होटल, डेयरी, बेकरी, सर्विस सेंटर और अन्य लघु एवं मध्यम उद्योगों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। चेंबर ने आरोप लगाया है कि बिजली विभाग द्वारा समय-समय पर मेंटेनेंस के नाम पर पूर्व सूचना देकर दिनभर की कटौती की जाती है, परंतु उसके बाद भी हल्की हवा या बारिश होते ही विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है, इससे व्यापारी वर्ग और आम जनता में गहरा असंतोष व्याप्त है। व्यापारियों ने मांग किया है कि विभागीय कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराई जाए, प्रयोग की जा रही सामग्री की भी तकनीकी स्तर पर समीक्षा हो, विद्युत आपूर्ति को स्थाई और व्यवस्थित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं एवं पुराने और खराब हो चुके तारो एवं खंभो को बदलने की प्रक्रिया के साथ साथ ट्रांसफार्मर इत्यादि को भी बढ़ाया जाए।

कलेक्टर को ज्ञापन सौपने में प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, प्रदेश मंत्री शैलेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष शारदा प्रसाद गुप्ता, हिमांशु अवस्थी, रविकांत गुप्ता, प्रवीण जायसवाल, आस्तिक शुक्ला, अनुराग दुबे, प्रकाश जायसवाल, ओम प्रकाश केवलानी, जयश्री मार्ट साहू, गिरिजाशंकर पांडेय, उमेर अहमद, आलोक शर्मा एवं चेंबर के अन्य सदस्यगण शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### न्यास मंडल की बैठक कल

**अनूपपुर।** जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल की बैठक 28 जून को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रातः 11 से कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास मंडल के सदस्य सचिव तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि बैठक में वार्षिक कार्य योजना, वार्षिक प्रतिवेदन के अनुमोदन तथा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयक चर्चा की जाएगी।

### घुसपैठियों की पहचान के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

**बैकुण्ठपुर।** छग सरकार ने प्रदेश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-233-1905 जारी किया है। यह निर्णय राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार लिया गया है। हेल्पलाइन 24.7 (सप्ताह के सातों दिन, चौबीसों घंटे) सक्रिय रहेगी। यह हेल्पलाइन नागरिकों को अपने आस-पास किसी भी संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक या उसकी गतिविधियों की जानकारी सीधे पुलिस प्रशासन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम प्रदान करती है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग निर्भीक होकर राष्टहित में योगदान दे सकें।

### एकलव्य विद्यालय में संविधान हत्या दिवस पर कार्यक्रम

**अनूपपुर।** 25 जून को राष्ट में आपातकाल लागू होने की 50 वीं वर्षगांठ पर संविधान हत्या दिवस राष्ट्व्यापी कार्यक्रम के तहत अनूपपुर जिले में भी विविध गतिविधियों और कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें व्याख्यान, डिबेट्स, निबंध प्रतियोगिताएं तथा संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्मित लघु फिल्म का प्रदर्शन तथा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

### प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**अनूपपुर।** शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च (पीएमाइआर) भोपाल के द्वारा प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन एक होटल में किया गया। कार्यक्रम में प्रेस्टीज कॉलेज भोपाल से पधारे डॉ.दीपक अग्रवाल ने विद्यार्थियों को करियर संबंधी दिशा-निर्देश देते हुए पद्मभूषण डॉ. नेमनाथ की प्रेरणादायक यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रेस्टीज ग्रुप के चेयरपर्सन डॉ. दविश जैन के शिक्षा और उद्योग जगत में 25 वर्षों से किए जा रहे योगदान की चर्चा करते हुए बताया कि उन्हें मध्यप्रदेश तथा भारत सरकार एवं अंतरराष्टीय मंचों द्वारा कई बार सम्मानित किया गया है।

# झमाझम बारिश के बाद छाया कोहरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

■ उमस से मिली राहत, खेती-किसानी के कार्य में आई तेजी

जिले में गुरूवार को भी जमकर बारिश हुई। इसके एक दिन पूर्व बुधवार को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में लगभग डेढ़ घंटे तक झमाझम बारिश हुई थी, इसके दूसरे दिन गुरूवार को भी शहर सहित जिले के बैकुण्ठपुर एवं सोनहत जनपद के कई क्षेत्रों में दोपहर के समय झमाझम बारिश कुछ देर की हुई।

इस दिन उमड़ते -घूमड़ते बादलों के द्वारा अचानक दोपहर में काली घटा छाई और झमाझम बारिश शुरू हो गई, जबकि इस दिन सुबह तो आसमान में बादल रहे, लेकिन बाद में हल्की धूप खिल गई थी, इसके बाद दोपहर में फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिला। कोरिया जिले में लगातार दो दिन की बारिश से उमस से बड़ी राहत मिल गई, वहीं खेती-किसानी कार्य में अब जिले के किसान जुट गए। वहीं गुरूवार को दोपहर के समय हुई झमाझम बारिश के बाद सोनहत जनपद के घाटी वाला क्षेत्र कोहरे के आगोश में कुछ देर के लिए समा गया, जिसका नजारा देखते ही बनता। सोनहत जनपद क्षेत्र में दोपहर की बारिश थमी तो बैकुण्ठपुर-सोनहत मार्ग पर पड़ने वाले शिवघाट व उसके उपर के गांव में घना कोहरा कुछ देर के लिए छा गया था, इससे दृश्यता बहुत कम हो गई। लोगों को दिन में वाहनों के हेडलाइट जलाकर आवागमन करना पड़ा। वहीं कोहरे के कारण क्षेत्र का आकर्षक नजारा देखने को मिला।

## महतारी वंदन योजना: लाभ लेने इंतजार कर रहीं महिलाएं

बैकुण्ठपुर। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रारंभ की गई महतारी वंदन योजना का लाभ दिलाने के लिए वार्ड क्रमांक 5 महात्मा गांधी वार्ड कचहरीपारा के पार्षद धीरज शिवहरे द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। कचहरीपारा आंगनबाड़ी केन्द्र को वार्ड क्रमांक 5, 12 व 14 के लिए केन्द्रित किया गया, इसके तहत वार्ड में रहने वाली करीब 400 महिलाओं को योजना का प्रत्यक्ष लाभ मिला है। योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को 1000 मासिक की राशि डीबीटी एवं आरटीजीएस के माध्यम से सीधे खातों में हस्तांतरित की जानी थी, किंतु शुरूआत में आधार लिंकिंग, सीडिंग, बैंक सत्यापन सहित कई तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस स्थिति में पार्षद स्वयं कई बार बैंक एवं आंगनबाड़ी केन्द्र जाकर हितग्राहियों की सहायता करते रहे। पार्षद धीरज शिवहरे ने आवेदन कर महिलाओं के खातों की आधार लिंकिंग आंगनबाड़ी केन्द्र से कराई है। वहीं योजना का लाभ अधिकांश महिलाओं तक पहुंचा, लेकिन कई महिलाओं के खाते में अभी भी 1000 की जगह 500 की ही राशि आ रही है। मौके पर मौजूद महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिन महिलाओं को वृद्धा, विधवा या सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिल रही है, उन्हें अंतर की राशि ही प्रदान की जाती है।

## बैंकों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक

# सीएसआर मद से मरीजों की मदद करेंगे बैंकर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने की।

बैठक में जिले के सभी बैंकों, नाबार्ड, कृषि, उद्यानिकी, उद्योग, ग्रामीण व शहरी आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में प्राथमिकता क्षेत्र, कृषि ऋण, लघु उद्योगों को प्रोत्साहन, स्व-सहायता समूहों के ऋण प्रकरण और वित्तीय समावेशन जैसे विषयों की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने निर्देश दिए कि स्व सहायता समूहों के ऋण प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर हितग्राहियों को समय पर स्वरोजगार के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाएं सुलभ बनाने के लिए अधिक संख्या में बीसी सखी की नियुक्ति की जाए और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हों। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के तहत सभी पात्र किसानों को लाभान्वित करने पर बल देते हुए संबंधित विभागों को अधिक से अधिक प्रकरण बैंकों को भेजने के निर्देश दिए। जनधन योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में चल रहे धरती आबा अभियान के अंतर्गत 15 जुलाई तक सभी पात्र व्यक्तियों के जनधन खाते खोले जाएं। साथ ही 20 रूपए में होने वाली प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत सभी खाताधारकों का बीमा सुनिश्चित किया जाए। स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था (आरसेटी) के कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि जिले में तेजी से चल रहे आवास निर्माण को देखते हुए राजमिस्त्री के प्रशिक्षण सत्रों को प्राथमिकता दी जाए।

प्रशिक्षण शिविर मैदानी स्तर पर आयोजित कर जल्द से जल्द युवाओं को कुशल श्रमिक के रूप में तैयार किया जाए। स्वास्थ्य क्षेत्र में बैंकिंग क्षेत्र की सामाजिक भागीदारी पर जोर देते हुए कलेक्टर ने बताया कि ▶▶ शेष पेज 4 पर



बैठक लेती कलेक्टर चंदन त्रिपाठी।







## खबर संक्षेप

### भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) के को-कन्वीनर बने विनोद

मनेन्द्रगढ़। इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (इंटेक), नई दिल्ली के छग प्रांत के कन्वीनर अरविंद मिश्रा की अनुशंसा पर डॉ.विनोद कुमार पांडेय को कोरिया चौप्टर का को-कन्वीनर नियुक्त किया गया है।


डॉ. विनोद पांडेय

डॉ.पांडेय मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के पुरातत्व विभाग/पर्यटन विभाग के जिला नोडल अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं तथा विगत 25 वर्षों से कोरिया जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक स्थलों पर लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्हें वर्ष 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई थी। यह संस्था विश्व की सबसे बड़ी संस्थाओं में से एक है, जो पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक स्थलों की मूर्त व अमूर्त विरासत और इतिहास के प्रति जागरूकता, रख-रखाव और संरक्षण की दिशा में कार्य करती है। संस्था द्वारा पुरातत्व स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिए प्रश्नोत्तरी, स्थलों का भ्रमण एवं सेमिनार जैसे विविध आयोजन किए जाते हैं।

### जिला स्तरीय ऑन लाइन निबंध प्रतियोगिता

मनेन्द्रगढ़। भारतीय सशस्त्र सेना के शौर्य और अदम्य साहस के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर पर जिला स्तरीय ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। हिंदी साहित्य भारती जिला एमसीबी इकाई के द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों से 1000 शब्दों में मौलिक अप्रकाशित निबंध आमंत्रित किए गए थे। इस संबंध में कार्यक्रम के संयोजक एवं हिंदी साहित्य भारती के जिलाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने बताया कि इस प्रतियोगिता के दौरान प्राप्त प्रविष्टियों पर विशिष्ट निर्णायकों के निर्णय के उपरांत प्रथम स्थान प्राप्त निबंध लिखने वाले प्रतिभागी को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। श्रेष्ठ प्रशंसनीय पांच निबंध को विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे।

### ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत

अम्बिकापुर। रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम बरबसपुर निवासी देव शरण देवांगन आ. स्व. गहबड़ा (35 वर्ष) गत दिन बेटा को ढूंढने गांव में निकला था। बेटा के नहीं मिलने पर घर आया और सो गया। इसी बीच देवशरण अचेत हो गई। परिजन देवशरण को श्रीनगर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन देवशरण को अचेत हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया।

## निधन

### श्रीमती फूल गुप्ता

**बैकुण्ठपुर**। शहर के फौव्हारा चौक निवासी श्रीमती फूल गुप्ता का निधन 25 जून को हो गया। वे करीब 90 वर्ष की थीं। स्व. गुप्ता पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। इनका अंतिम संस्कार 27 जून को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। स्व. श्रीमती गुप्ता प्रतिष्ठित अधिवक्ता एवं नगर के प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष स्व. विष्णु दत्त गुप्ता की धर्मपत्नी थीं। वे शारदा दत्त गुप्ता, सुधीर दत्त गुप्ता,संजय गुप्ता, सतीश गुप्ता, शैलेश गुप्ता, अमिताभ गुप्ता (सिम्मी),सचिन गुप्ता (डिम्मी)की माता थीं।



## पृष्ठ 1 का शेष

### सीएसआर मद से...

जिले में काफी संख्या में टीबी मरीजों की पहचान की गई है। मरीजों को बेहतर उपचार और निःशुल्क एक्सरे तथा नाट जांच की सुविधा दिलाने के लिए उन्होंने बैंकों से सीएसआर मद से सहयोग करने की अपील की। इस पर सभी बैंकों ने निक्षय मित्र योजना में भागीदारी की सहमति जताई। आगामी छह माह तक बैंकों द्वारा टीबी मरीजों को 500 रूपए प्रतिमाह की दर से पोषण आहार उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अग्रणी बैंक प्रबंधक, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक, नाबार्ड प्रतिनिधि सहित जिले के सभी बैंक अधिकारियों और विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक, जिपं सदस्यों ने क्षेत्र की समस्याएं रखीं सामने

# झुमका जलाशय के मत्स्य पालन की लीज निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक मंथन कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय समस्याओं, विकास कार्यों और प्रशासनिक जवाबदेही से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। सबसे महत्वपूर्ण निर्णय झुमका जलाशय की मत्स्य पालन लीज निरस्त करने का रहा, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

मत्स्य पालन विभाग द्वारा बताया गया कि झुमका जलाशय की लीजधारी संस्था ने पिछले पांच वर्षों से लीज की निर्धारित राशि जमा नहीं की है, जिससे लगभग 6.5 लाख रूपए का बकाया हो गया है। इस पर सामान्य सभा ने लीज निरस्त करने और समूह से वसूली के लिए प्रकरण दर्ज कराने का निर्णय लिया। सभा में सदस्यों ने अपने क्षेत्रों की विभिन्न समस्याएं उठाईं, इनमें आंगनबाड़ी केन्द्रों की निगरानी, विद्यालय परिसरों में शौचालयों की मरम्मत, जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति की स्थिति, स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टरों की नियुक्ति, वनांचल क्षेत्रों में सौर संयंत्रों की मरम्मत, राजस्व मुआवजा वितरण आदि शामिल रहे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन


बैठक में उपस्थित अध्यक्ष, उपस्थित लोग।

अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी संबंधित विभागों को एक पखवाड़े के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के तहत सामग्री वितरण कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करना अनिवार्य किया जाए।

विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर सदस्यों ने नाराजगी जताई गई, जिस पर सीईओ ने सभी को आगामी बैठकों में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पैकरा ने बैठक के दौरान चार हितग्राहियों को वनाधिकार पट्टे भी प्रदान किए। जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह ने सोनहत क्षेत्र में बन रही सड़कों व स्टॉप डेम में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग की शिकायत की। इस पर सीईओ ने तत्काल जांच समिति गठित कर रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समिति में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि टीबी से ग्रसित मरीजों को छह माह तक पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए निक्षय मित्र योजना को जनप्रतिनिधियों से जोड़ा जा रहा है। सदस्यों ने इस कार्य में भागीदारी के लिए सहमति व्यक्त की। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती संगीता सोनवानी, सुरेश सिंह, श्रीमती गीता राजवाड़े, श्रीमती स्नेहलता गोड़, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, सोनहत जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी सोनपाकर, विधायक प्रतिनिधि राम प्रताप मरावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोरिया में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों ने स्थानीय सर्किट हाउस में छग सरकार के वाणिज्य उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन को कोरिया जिले में औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में जानकारी देते हुए चेंबर के कोरिया जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता ने बताया कि चेंबर ऑफ कॉमर्स कोरिया के सदस्यों ने उनसे मुलाकात करते हुए के क्षेत्र की प्रमुख मांग को पूरा करने के लिए ज्ञापन दिया एवं जिले में घटते हुए औद्योगिक अवसरों पर चिंता व्यक्त की।

- **चेंबर ऑफ कामर्स ने उद्योग मंत्री को सौंपा ज्ञापन**

उक्त ज्ञापन में उल्लेखित है कि कोरिया जिला सन 1998 में अस्तित्व में आया, इसके बावजूद कोरिया जिला लगभग 27 वर्षों से पिछड़ा हुआ है। यहां कोई भी आद्यौगिक क्षेत्र विकसित नहीं किया गया है, जिसके कारण कोरिया जिला का विकास अवरूद्ध हो गया है। इस संबंध में छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा पूर्व में भी छग शासन को समय-समय पर ध्यानाकर्षण कराया गया है। बैकुंठपुर वर्ष 1998 से कोरिया जिला का मुख्यालय है जो कोयला खदानों की प्रमुखता लिए हुए वन संपदा से परिपूर्ण है। इस नगर को कोरिया रियासत काल की राजधानी होने का गौरव भी प्राप्त है।


मंत्री को ज्ञापन सौंपते चेम्बर ऑफ कामर्स के लोग।

बैकुंठपुर में पर्याप्त उद्योग नहीं है, इस कारण इस नगर का आद्यौगिक विकास नहीं हो पा रहा है, जबकि बैकुंठपुर नगर के आसपास कोयला, बिजली, पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मंत्री ने यहां उद्योग स्थापित किए जाने की आपार संभावना को देखते हुए औद्योगिक प्रक्षेत्र के लिए भूमि आवंटित किया जाना नितांत आवश्यक है। पूर्व में भी इसके लिए राशि स्वीकृत हुई थी ,जो उपयोग के अभाव में वापस हो गई। इस छोटे से कोरिया जिले में आद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि आवंटित कर उद्योग क्षेत्र घोषित कर शासन की नीति के अनुसार कोरिया जिले में उद्योग लगाए जाने के लिए उचित कार्रवाई कर जिले के विकास के लिए एक नई दिशा प्रदान करने की करें। इस अवसर पर चेंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता, प्रदेश मंत्री शैलेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता, हिमांशु अवस्थी, रविकांत गुप्ता सहित प्रमुख सदस्यगण उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र की हत्या की गई थी आपातकाल में

**बैकुण्ठपुर**। आपातकाल की 50 वीं बरसी पर भाजपाईयों ने मानस भवन में काला दिवस मनाया। इस अवसर पर अतिथियों ने भारत माता, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- **50 वीं बरसी पर भाजपाइयों ने मनाया काला दिवस**

कार्यक्रम को भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि देश में आपातकाल लगाने की घोषणा तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 की देर रात आकाशवाणी पर एक प्रसारण में की थी, इससे कुछ घंटों पहले,




सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा सदस्य के रूप में इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अमान्य घोषित करने इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सशर्त रोक लगा दी थी, सुप्रीम कोर्ट ने इंदिरा गांधी से कहा था कि, वह संसदीय कार्रवाई से दूर रहे। हालांकि उन्होंने कुछ और ही सोच रखा था यह आपातकाल देश में 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक की 21 महीने की अवधि के लिए आपातकाल लागू था, तत्कालीन राष्टपति फखरूदीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली सरकार की सिफारिश पर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत देश में आपातकाल की घोषणा की थी। संविधान के अनुच्छेद 352 के अनुसार राष्टपति देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा चाहे वह युद्ध या बाहरी आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह से होने पर आपातकाल की घोषणा। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा कि आज 25 जून है, जो लोग इस देश के संविधान की गरिमा के प्रति समर्पित है, जो लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं पर निष्ठा रखते हैं, उनके लिए 25 जून ना भूलने वाला दिवस है, 25 जून को भारत के लोकतंत्र पर जो काला धब्बा लगा था, उसके 50 वर्ष हो रहे है, भारत के नई पीढ़ी इस बात को कभी नहीं भूलेगी कि, उस समय कैसे देश के संविधान को पूरी तरह नकार दिया गया था। देश को जेल खाना बना दिया गया था और लोकतंत्र की हत्या कर दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे, राजेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन प्रहार: 18 लाख से अधिक का अवैध सामग्री जब्त

**अनूपपुर**। जिले को नशे के मकड़जाल से मुक्त कराने की दिशा में चचाई थाना पुलिस ने एक साहसिक और निर्णायक कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान (आईपीएस) के नेतृत्व में चलाए जा रहे। ऑपरेशन प्रहार के तहत एक महिला समेत दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

इनकी जाइलो कार से 71 किलो से अधिक गांजा, धारदार हथियार और नकदी समेत कुल 18.18 लाख से अधिक की अवैध सामग्री जब्त की गई है। 24 जून की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि छग से आ रही एक संदिग्ध जाइलो (एमएच-05-एएक्स-0937) में भारी मात्रा में मादक पदार्थ तस्करी की जा रही है। चचाई थाना प्रभारी सुंदरेश सिंह मरावी के नेतृत्व में दो



विशेष टीमें गठित की गईं। अमलाई रेस्क्यू तिराहा पर गाड़ी को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन वाहन भाग निकला। सतर्क पुलिस बल ने विजय ग्राउंड के पास घेराबंदी कर गाड़ी को जब्त कर लिया और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। गाड़ी की गहन तलाशी में 14 थैलों में छिपाकर रखा गया 71.820 किलो गांजा बरामद हुआ। साथ ही जाइलो वाहन 10 लाख रूपए, स्पेयर पाट्र्स 1 लाख, महिला आरोपी के पास से धारदार चाकू, नकदी, अटीएम कार्ड, मोबाइल व अन्य दस्तावेज बरामद किए गए। कुल जब्ती की राशि 18,18,200 ऑकी गई है। गिरफ्तार आरोपी अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़ा नेटवर्क उजागररिजवान खान, निवासी नवी मुंबई,सबाना अंजुम, निवासी नागपुर दोनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 (बी) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 (2) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस इनके पीछे सक्रिय पूरे नेटवर्क की गहनता से जांच कर रही है।

# दो दिवसीय शिविर में 24 यूनिट रक्तदान

**बैकुण्ठपुर**। भारतीय स्टेट बैंक की 70 वीं वर्षगांठ के अवसर पर सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत दो दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कुल 24 स्वेच्छा से रक्तदाताओं ने भाग लिया। शिविर के पहले दिन 14 और दूसरे दिन 10 लोगों ने रक्तदान किया। इस पहल में एसबीआई के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

मुख्य प्रबंधक रामजी सोनी ने बताया कि यह कार्यक्रम एसबीआई के राष्टीय स्तर के सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) कार्यक्रम का हिस्सा है। उन्होंने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का एक सरल, सुरक्षित और प्रेरणादायक कार्य है। इस तरह की पहल समाज में सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का कार्य करती है। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी और ब्लड बैंक यूनिट की तकनीकी टीम ने रक्त संग्रहण की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस दौरान सीएस डॉ. आयुष जायसवाल, रेडक्रॉस प्रतिनिधि और एसबीआई अधिकारी नफीस अहमद सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी परिणाम पर मना उत्सव

**बैकुण्ठपुर**। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में शुरू मिशन 100 के तहत विकासखंड बैकुंठपुर के शासकीय हाई स्कूल मुरमा ने शिक्षा सत्र 2024-25 की हाईस्कूल परीक्षा में शत-प्रतिशत विद्यार्थियों के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने की उपलब्धि पर शाला प्रवेश उत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष उदय सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य श्रीमती ज्योतिसिना कुजूर, संकुल समन्वयक सुशील शुक्ला, विद्यालय के समस्त शिक्षक, अभिभावक एवं छात्रगण शामिल हुए। विद्यालय की छात्रा कु. काजल ने कक्षा 10 वीं में 94 प्रतिशत अंक



अर्जित कर जिला की वरीयता सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया। जनपद अध्यक्ष द्वारा काजल समेत प्रथम तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 1100-1100 रूपए नकद एवं मेडल प्रदान किए गए। साथ ही संकुल समन्वयक सुशील शुक्ला द्वारा काजल को 5000 रूपए का विशेष नगद पुरस्कार भेंट किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री गुप्ता ने बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए एक स्मार्ट टीवी देने की घोषणा की, जिससे विद्यालय में तकनीकी संसाधनों की वृद्धि होगी। उन्होंने शिक्षकों को डायरी और विद्यार्थियों को पेन भेंट कर प्रोत्साहित किया। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम और शिक्षक-समर्पण को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने 15 अगस्त को संस्था प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक को जिला स्तरीय सम्मान देने की घोषणा भी की। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सभी अतिथियों, पालकों व विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश गया।

# किसानों को नि:शुल्क मूंगफली का मिला बीज

**बैकुण्ठपुर**। कोरिया जिले के विकासखंड़ बैकुंठपुर कृषि विभाग द्वारा किसानों को अनुदान पर 25 जून को निःशुल्क मूंगफली का वितरण किया गया। उक्त आयोजन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बैकुंठपुर द्वारा किया गया। इसमें कृषि विभाग के नेशनल मिशन ऑन इडिबल आयल योजना के तहत मूंगफली बीज वितरण किया गया।

बैकुंठपुर जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह, श्रीमती संगीता सोनवानी उपस्थिति में वितरित किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रोद्योगिकी विकास के योजना के



तहत मूंगफली बीज का वितरण क्षेत्र बुडार,सरभोका, कुड़ेली, मनसूख, सलबा, बिशुनपुर से आए किसानों को मूंगफली बीज का वितरण किया गया। इस दौरान उप संचालक कृषि राजेश कुमार भारती, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती वंदन सिंह श्याम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पीएस परस्ते, दीपेन्द्र पंकज पोर्ते, रविशंकर, राकेश पैकरा, अमृत लकड़ा उपस्थित रहे।

# सहकारी समिति कोरिया के अध्यक्ष बने अमरनाथ



**बैकुण्ठपुर**। एमसीबी जिले के अमृतधारा रेस्ट हाउस में बीते दिवस सहकारी समिति कर्मचारी संघ कोरिया-एमसीबी का महासम्मेलन कार्यक्रम आयोजित कर कोरिया-एमसीबी संघ का कार्यकारिणी गठित किया गया। संघ के मीडिया प्रभारी द्वारा जानकारी दी गई कि कार्यक्रम में उपस्थित सभी सहकारी समिति कर्मचारियों के सर्वसहमति कोरिया जिले से बैमा समिति प्रबंधक अमरनाथ साहू को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं एमसीबी जिले से बरबसपुर समिति प्रबंधक चंद्रप्रकाश साहू को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्षों ने कहा कि आप सभी सदस्यों के सहमति से अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। हम दोनों संघ के हित में सदैव ईमानदारीपूर्वक कार्य करेंगे, वहीं किसी भी कर्मचारी के दुख-सुख में सदैव खड़ा रहेंगे। इसी तरह कोरिया जिले से उपाध्यक्ष संजीव दुबे, रामकुमार साहू, सचिव संजय सिंह, कोषाध्यक्ष विध्या सागर साहू, मीडिया प्रभारी रवि साहू, प्रवक्ता विजय साहू, संरक्षक अजय साहू, अनूप कुशवाहा, अखिलचंद्र सिंह, सुरेन्द्र राजवाड़े, एमसीबी जिले से उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष गुलाब सिंह, सचिव खरवेन्द, संरक्षक प्रफुल्ल सिंह, रमाकांत पाण्डेय, नवल किशोर आदि को बनाया गया है। इस दौरान सदस्य फलेश्वर सिंह, महेन्द्र राजवाड़े, नरेन्द्र शर्मा, राजेश साहू, श्रीराम यादव, धर्मसिंह, रामभुवन, शिवभूषण सिंह, बालाजी रेड्डी, मानसाय पैकरा, रोहित शर्मा, गोविंद मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




